कृपया ध्यान से पढ़ें

# व्यवसाय

# आचार संहिता

# लीडरशिप का संदेश

हमारे उद्योग में वैश्विक लीडर के तौर पर, हमारे ऊपर एक ऐसा उदाहरण स्थापित करने की ज़िम्मेदारी होती है जिसकी कोई निंदा न कर पाए। यह एक कंपनी के रूप में और व्यक्तिगत रूप में हमारा मूल मंत्र है।

GXO में हमारी संस्कृति सामूहिक कार्य के द्वारा परिणाम प्राप्त करने की है। हम सफल होने में एक–दूसरे की सहायता करते हैं। हम अपने ग्राहकों, वाहकों और साथी कर्मचारियों की सहायता करने में गर्व महसूस करते हैं। हम उचित, सम्मान पूर्ण, कानून सम्मत और ईमानदारी पूर्ण कार्य करते हैं। कुछ तो कारण होंगे कि ग्राहक और निवेशक हमारे ऊपर विश्वास करते हैं।

हमारी व्यवसाय आचार संहिता और संबंधित व्यवसाय आचार नीतियों का उद्देश्य हमारी संस्कृति से जुड़े रहने में आपकी सहायता करना है और जिसके लिए विभिन्न परिस्थितियों के बारे में आपका मार्गदर्शन किया गया है।

कृपया इस महत्वपूर्ण दस्तावेज़ को समझने के लिए अपना थोड़ा समय निकालें। यदि आपको कोई भी प्रश्न पूछना है या कोई भी चिंता है, तो अपनी ज़िम्मेदारी समझ कर हमें प्रतिशोध के भय के बिना अपने मन की बात बताएं। प्रश्न पूछने और चिंता बताने के लिए आपके पर्यवेक्षक, मानव संसाधन विभाग और GXO नैतिकता और अनुपालन टीम सहित अनेक मंच मौजूद हैं।

आप GXO का चेहरा हैं। अपने शब्दों और कामों से अपने व्यवसाय के उच्च मानकों को प्रस्तुत करने के लिए आपका धन्यवाद।



Malcolm Wilson
मुख्य कार्यकारी अधिकारी



**Malcolm Wilson**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# विषय-वस्तु की तालिका


| | |
|---|---|
| हमारी प्रतिबद्धता: उचित तरीके से व्यवसाय करना | 06 |
| कार्यस्थल में सम्मान, समान अवसर और सुरक्षा | 08 |
| व्यवसाय लेन-देन में पूर्ण ईमानदारी | 09 |
| वैश्विक समुदायों के लिए अच्छा नागरिक | 12 |
| कंपनी की संपत्ति का संरक्षण | 14 |
| भेदिया व्यापार | 18 |
| हितों का टकराव | 19 |
| उपहार और मनोरंजन | 22 |
| अतिरिक्त संसाधन: प्रश्न कैसे पूछने हैं और चिंता की रिपोर्ट कैसे करनी है | 24 |
| अंतर्राष्ट्रीय संसाधन | 26 |
| व्यवसाय नैतिकता नीतियों का सूचकांक | 29 |




हमारी प्रतिबद्धता:

# उचित तरीके से व्यवसाय करना

हमारा उद्देश्य परिणाम देना है। इसके लिए हमें हर समय उच्चतम व्यवसाय मानकों के अनुसार प्रदर्शन करना पड़ता है। व्यापारिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हम अपने मूल्यों से समझौता नहीं करेंगे। हमारे मूल्य हमारी सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

हमारी संहिता, कंपनी के व्यावसायिक मानकों का एक खाका है। GXO के सभी कर्मचारी, अधिकारी और निदेशकों को हमारी संहिता का अनुपालन करना चाहिए। GXO की ओर से कार्य करने वाले अन्य पक्षों द्वारा भी इसका अनुपालन आवश्यक है। ये मानक हर उस समय लागू होते हैं जब आप GXO का प्रतिनिधित्व करते हैं या ऐसी गतिविधियों में शामिल होते हैं जो GXO के व्यवसाय या प्रतिष्ठा को प्रभावित कर सकती हैं।

संहिता के अलावा, GXO में ऐसी कई अन्य व्यवसाय आचार नीतियाँ हैं जो हमारे आचार को नियंत्रित करती हैं। कुछ GXO स्थानों और व्यवसाय इकाइयों की अलग नीतियाँ भी हैं जो इन आवश्यकताओं का विस्तार करती हैं। संहिता के अलावा, आपको इन अन्य नीतियों को समझना और उनका पालन करना चाहिए।

### प्रबंधन की प्रतिबद्धता

GXO का प्रबंधन कंपनी मूल्यों के प्रदर्शन के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने को प्रतिबद्ध है। इसमें कर्मचारी की चिंताओं का समय से जवाब देना, अनुपालन के जोखिमों का समाधान करना, और कंपनी नीति या कानून के संभावित उल्लंघनों की पहचान और समाधान सुनिश्चित करने के लिए रिपोर्टिंग संसाधन देना शामिल है।

प्रबंधन और पूरी कंपनी ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोध सहन नहीं करेगी जो सद्भावना में चिंताएँ बताता है या जिसने आचार या अनुपालन पूछताछ में सहयोग किया हो।




### आपके लिए उपलब्ध संसाधन

GXO की संहिता और संबंधित नीतियाँ नैतिकता और कानूनी मुद्दों के समाधान में आपकी सहायता करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। यदि संहिता और नीतियों को पढ़ने के बाद भी आप किसी समस्या के प्रति सुनिश्चित नहीं हैं, तो अपने आप से ये चार प्रश्न पूछें: क्या यह काम करना सही है? क्या यह कानून और कंपनी नीति का अनुपालन करता है? यदि अन्य लोगों को इस बारे में पता लगेगा, तो क्या मुझे शर्मिंदगी होगी? क्या मैं इसके बारे में ऑनलाइन पढ़ना चाहता/चाहती हूँ या इसे समाचारों में देखना चाहता/चाहती हूँ?

यदि आप इन सभी प्रश्नों के उत्तर हाँ में नहीं दे सकते हैं, तो रुकें और अपने पर्यवेक्षक, मानव संसाधन विभाग या नैतिकता और अनुपालन विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करें। आपको अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं जिन्हें पेज 26-28 पर सूचीबद्ध किया गया है।

### उल्लंघन के परिणाम

आप संहिता, कंपनी की सभी नीतियों और लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करने की सहमति देते हैं। संहिता, कंपनी की सभी नीतियों और लागू होने वाले कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन करने में विफलता के परिणाम गंभीर हो सकते हैं जिनमें रोज़गार की संभावित समाप्ति या अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाइयाँ शामिल हैं। कुछ उल्लंघन दीवानी या आपराधिक दंडों का विषय हो सकते हैं।



## हमारी ज़िम्मेदारियाँ

हम सभी की इनके प्रति ज़िम्मेदारी है:

- अपने सभी बड़े और छोटे व्यावसायिक लेनदेन ईमानदारी से करना।
- एक दूसरे से आदर और सम्मानपूर्वक व्यवहार करना।
- सभी लागू नीतियों, कानूनों और विनियमों का पालन करना।
- इस GXO Logistics व्यवसाय आचार संहिता (हमारी “संहिता”) के प्रति प्रतिबद्धता को कायम रखना।

# कार्यस्थल में सम्मान, समान अवसर और सुरक्षा

हम ऐसा कार्य वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ सम्मान और विविधता को महत्व दिया जाता है और सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके अलावा, हम निष्पक्ष रोज़गार और श्रम व्यवहारों का नियंत्रण करने वाले सभी कानूनों का पालन करते हैं।

## रोज़गार के समान अवसर

GXO सभी कर्मचारियों और आवेदकों को रोजगार के समान अवसर प्रदान करता है। हम नस्ल, रंग, आयु, लिंग, धर्म, राष्ट्रीयता, मानसिक या शारीरिक विकलांगता, रोग, परिवार या चिकित्सा अवकाश स्थिति, वैवाहिक स्थिति, यौन उन्मुखीकरण, लिंग पहचान या कानून द्वारा संरक्षित अन्य किसी भी आधार को ध्यान में रखे बिना रोज़गार संबंधी निर्णय लेते हैं। इसमें भर्ती, नियुक्ति, पदोन्नति, बर्खास्तगी, अनुशासन, अनुपस्थिति अवकाश, मुआवज़ा, लाभ और प्रशिक्षण से संबंधित निर्णय भी शामिल हैं।

## भेदभाव, उत्पीड़न या प्रतिशोध के प्रति शून्य सहिष्णुता

GXO किसी भी संरक्षित श्रेणी या वर्ग के आधार पर उत्पीड़न या भेदभाव को सहन नहीं करता है। आप मौखिक, शारीरिक या दृश्य संबंधी किसी भी अपमानजनक, उत्पीड़न करने वाले या अभद्र आचरण में शामिल नहीं होंगे। यदि आपको किसी ऐसे आचरण का अनुभव होता है या जानकारी मिलती है जो आपको असहज करती हो, तो आपको अपने पर्यवेक्षक, अपने मानव संसाधन विभाग या नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करना चाहिए।

GXO में ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध प्रतिशोध लेने पर सख्ती से पाबंदी लगाई जाती है जो चिंता की जानकारी देते हों, कानून या नीतियों के संभावित उल्लंघनों की रिपोर्ट करते हों या किसी कानूनी अनुपालन की छानबीन में भाग लेते हों।

यदि आपको उत्पीड़न और भेदभाव के ऊपर पाबंदी से जुड़ी हमारी कंपनी की नीतियों के संबंध में कोई भी प्रश्न पूछना हो, तो GXO की "भेदभाव, उत्पीड़न और प्रतिशोध नीति के लिए शून्य सहिष्णुता" से परामर्श लें।

## कार्यस्थल सुरक्षा


GXO सुरक्षित कार्य-परिवेश बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी कार्य स्वास्थ्य और सुरक्षा विनियमों और कंपनी नीतियों के अनुसार पूरे किए जाने चाहिए। अपने कार्यस्थल की ख़तरनाक स्थितियों, वाहन दुर्घटनाओं, काम से संबंधित चोट या बीमारियों, कंपनी की नीति के उल्लंघन और अन्य सभी सुरक्षा मुद्दों के संबंध में तुरंत अपने पर्यवेक्षक को सचेत करें।

## नशीली दवाएं और शराब

GXO में नशीली दवाओं और शराब का उपयोग प्रतिबंधित है। कंपनी द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों में अधिकारियों की उचित पूर्व-अनुमति के सिवाय, आप कंपनी परिसर में शराब का सेवन या उसे अपने पास नहीं रख सकते हैं। कंपनी में बिताए जाने वाले समय या संपत्ति पर आप अवैध नशीली दवाओं का उपयोग, उन्हें अपने पास या उनका वितरण, या पर्चे वाली नशीली दवाओं का दुरुपयोग नहीं कर सकते हैं।

## कार्यस्थल हिंसा

GXO किसी भी रूप में हिंसा बर्दाश्त नहीं करता है। यदि आपको कोई हिंसात्मक या धमकी भरा व्यवहार होता दिखाई देता है या आपको उसका अनुभव होता है, तो अपने पर्यवेक्षक, मानव संसाधन विभाग प्रतिनिधि या नैतिकता और अनुपालन विभाग को उसकी रिपोर्ट करें। यदि किसी को तत्काल कोई ख़तरा हो, तो कानून प्रवर्तन से संपर्क करें।




# व्यावसायिक लेन-देन में पूर्ण ईमानदारी

ईमानदारी से काम करते हुए, निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करते हुए और गोपनीय जानकारी की रक्षा करते हुए हम ग्राहकों और बाज़ार में अन्य लोगों का भरोसा कायम रखने के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

## सही और सटीक जानकारी

GXO अपनी व्यावसायिक क्षमताओं का सही प्रस्तुतिकरण करता है। आप GXO की सेवाओं या अपनी प्रतिस्पर्धियों की सेवाओं के बारे में मिथ्या या भ्रामक कथन नहीं दे सकते; आपको प्रतिस्पर्धी लाभ प्राप्त करने या किसी अन्य प्रयोजन से जान–बूझकर किसी तथ्य का गलत वर्णन नहीं करना चाहिए।

## तृतीय पक्ष की जानकारी

GXO अपने बाज़ारों, ग्राहकों, प्रतिस्पर्धियों या अन्य तृतीय पक्षों की गोपनीय या मालिकाना जानकारी का अनुचित संग्रहण या उपयोग बर्दाश्त नहीं करता। ऐसी सभी जानकारी कानून सम्मत साधनों से संग्रहीत की जानी चाहिए, और उसे अनधिकृत प्रकटीकरण या उपयोग से बचाने की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

यदि आपको किसी पूर्व नियोक्ता या अन्य गैर-सार्वजनिक स्रोत से किसी प्रतिद्वंद्वी या अन्य तृतीय पक्ष के बारे में गोपनीय या मालिकाना जानकारी मिलती है, तो आपको GXO के व्यवसाय के संबंध में उस जानकारी का उपयोग करने या कंपनी के किसी भी प्रतिनिधि के सामने उसे प्रकट करने की अनुमति नहीं दी जाती है। आप ऐसी जानकारी को GXO के परिसर में नहीं ला सकते, जिसमें GXO द्वारा उपयोग किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम शामिल हैं, या उसका उपयोग अपने कर्तव्य पूरे करने या कंपनी का कोई अन्य व्यवसाय करने में नहीं कर सकते।

किसी कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि की लिखित अनुमति के बिना उस कंपनी के नाम, ट्रेडमार्क या लोगो का उपयोग न करें। अन्य लोगों द्वारा कॉपीराइट की गई सामग्री को पुनरुत्पादित न करें, उसका वितरण न करें, या उसे न बदलें।

### प्रतिस्पर्धारोधी और न्यायोचित प्रतिस्पर्धा कानून

GXO सभी प्रतिस्पर्धारोधी और न्यायोचित प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करती है और प्रतिस्पर्धा का विरोध करने वाली गतिविधियों को सहन नहीं करती। आप प्रतिस्पर्धा को सीमित करने या अनुचित लाभ उठाने के लिए कोई समझौता नहीं कर सकते।

यदि आपके पास विपणन, विक्रय, मूल्य निर्धारण, या क्रय ज़िम्मेदारी है, या किसी प्रतिस्पर्धी समूह में आपका कोई संपर्क है, तो आपके लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि आप प्रतिस्पर्धारोधी और न्यायोचित प्रतिस्पर्धा चिंताओं से अवगत रहें।

प्रतिस्पर्धारोधी और न्यायोचित प्रतिस्पर्धा आवश्यकताओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, GXO की प्रतिस्पर्धारोधी और न्यायोचित प्रतिस्पर्धा नीति देखें।

### सरकार के साथ व्यवसाय करना

GXO उन सभी कानूनों और विनियमों का अनुपालन करता है जो संघीय, राज्य, प्रांतीय, देश और स्थानीय सरकारों के साथ किए जाने वाले सौदों को नियंत्रित करते हैं। सरकारों में किसी सरकार की ओर से काम करने वाले निकाय या सरकार के स्वामित्व वाले या नियंत्रित निकाय भी शामिल हैं।

यदि आप GXO के लिए सरकारी अनुबंध लेने की प्रक्रिया में शामिल हैं, तो आपके लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप लागू होने वाले सभी नियमों को समझें और उनका पालन करें। यदि आपको सरकारी अनुबंधों के प्रति हमारे उत्तरदायित्वों के संबंध में कोई प्रश्न पूछना है या चिंता की जानकारी देनी है, तो कृपया नैतिकता और अनुपालन विभाग या अपने स्थान या व्यवसाय इकाई पर मौजूद आंतरिक अधिवक्ता से संपर्क करें।

## किसी सरकारी संस्था या अधिकारी से लेन-देन के समय, आप

- सरकार की चयन प्रक्रिया या प्रतिद्वंद्वी के प्रस्ताव के बारे में गोपनीय जानकारी की मांग या उसे प्राप्त नहीं करेंगे;
- किसी सरकारी कर्मचारी को कोई बहुमूल्य वस्तु प्रदान नहीं करेंगे;
- किसी सरकारी कर्मचारी से रोज़गार के संभावित अवसरों के बारे में बात नहीं करेंगे;
- GXO की सेवाओं या क्षमताओं के बारे में झूठे या भ्रामक कथन नहीं देंगे;
- माल या सेवाओं को स्थानापन्न नहीं करेंगे; या
- सरकारी संपत्ति का उपयोग उसके नियोजित उद्देश्य के अलावा अन्य किसी उद्देश्य के लिए नहीं करेंगे।



# वैश्विक समुदायों के लिए अच्छा नागरिक

हम जिन भी देशों में कामकाज करते हैं, वहाँ के सत्यनिष्ठा के वैश्विक मानकों को बनाए रखने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हम निष्पक्ष व्यापार व्यवहारों, मानवाधिकारों, पर्यावरण को संभावित नुकसान से बचाने वाले दीर्घकालिक व्यवसाय व्यवहारों और बिना भ्रष्टाचार के व्यवसाय करने में विश्वास रखते हैं।

**घूस-रोधी और भ्रष्टाचार-रोधी**

GXO प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, चाहे किसी सरकारी संस्था, वाणिज्य उद्योग या व्यक्ति के साथ काम करते समय किसी भी रूप में घूसखोरी या भ्रष्टाचार को सहन नहीं करती। आप रिश्वत, घूस या कृतज्ञता स्वरूप कुछ देने या लेने को प्राधिकृत या उसकी पेशकश नहीं कर सकते, जिसमें ऐसी परिस्थितियों में किसी तृतीय पक्ष को भुगतान करना भी शामिल है, जब यह मानने का कोई भी कारण हो कि उस भुगतान का कोई छोटा भाग भी किसी अन्य व्यक्ति को किसी अनुचित उद्देश्य से दिया जाएगा।

यदि आपके पास हमारी कंपनी की रिश्वत-रोधी नीतियों के बारे में कोई सवाल है, तो GXO की भ्रष्टाचार-रोधी नीति को देखें।

**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन**

एक वैश्विक कंपनी के रूप में, GXO अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के नियमन के लिए बने सभी कानूनों व अधिनियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

GXO बिना उपयुक्त प्राधिकरण के वस्तुओं, सेवाओं या डेटा के निर्यात या आयात की अनुमति नहीं देती। सरकारी अनुमति के तहत परिवहन करने पर, आपको अनुमति के सभी नियम व शर्तों का पालन करना चाहिए और आप सामान का गंतव्य बदलकर किसी ऐसे स्थान या व्यक्ति को नहीं भेज सकते जो उस अनुमति में शामिल न हो। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कंपनी सरकारी रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का अनुपालन कर सके, आपको सभी निर्यात व आयात हस्तांतरणों को दर्ज करना चाहिए।

जब तक आपको उपयुक्त सरकारी अनुमति न मिल जाए, आपको किसी व्यापारिक रोक या प्रतिबंध झेल रहे देश या किसी रोक या आर्थिक प्रतिबंधों के आधीन पक्ष से, या उसके लिए व्यापार नहीं करना चाहिए. इसके अतिरिक्त, आपको ऐसे किन्हीं बहिष्कार में शामिल नहीं होना चाहिए, जो यू.एस. के कानून के द्वारा अनुमत न हों, जैसे इज़राइल के साथ व्यापार सीमित रखने के लिए प्रतिबंधात्मक अनुबंध प्रावधान। यदि आपको किसी भी बहिष्कार या अन्य प्रतिबंधात्मक प्रावधानों की जानकारी मिलती है, तो तुरंत ही नैतिकता और अनुपालन विभाग या व्यापार अनुपालन टीम से TradeCompliance@gxo.com पर संपर्क करें। अपने ग्राहक को जानना व इन मामलों में अनुपालन आपकी ज़िम्मेदारी है।

यदि आपके पास व्यापार अनुपालन की आवश्यकताओं के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो GXO की व्यापार अनुपालन नीति को देखें।







**मानवाधिकार**

GXO व्यवसाय का संचालन सभी लोगों के मानवाधिकारों और गरिमा का आदर करते हुए करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम ऐसे किसी आचरण को सहन नहीं करते, जो मानव तस्करी, बाल-श्रम, जबरन या अनिवार्य श्रम या किसी और प्रकार के मानवाधिकार उल्लंघन में सहायक हो, उसे प्रेरित करे या उसमें सहायता करे।

**पर्यावरण संबंधी कानून**

GXO अपने व्यवसाय को इस प्रकार चलाती है जो सभी लागू पर्यावरण कानूनों का पालन करता है। इसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि सभी ख़तरनाक सामग्री, अपशिष्ट या प्रदूषकों को ठीक से लेबल, संग्रहीत, परिवहित, उपयोग व निपटारा किया जाए। पर्यावरण संबंधी नियम अक्सर जटिल और स्थान अनुसार भिन्न होते हैं – अगर आपको पर्यावरण संबंधी आवश्यकताओं के बारे में कोई भी पूछताछ करनी है, तो नैतिकता और अनुपालन विभाग या अपने स्थान या व्यवसाय इकाई पर मौजूद आंतरिक अधिवक्ता से संपर्क करें।

**राजनीतिक गतिविधियाँ व अंशदान**

GXO के कर्मचारी व्यक्तिगत अंशदान या उम्मीदवारों अथवा संगठनों को व्यक्तिगत समय देकर राजनीतिक प्रक्रिया को समर्थन देने के लिए स्वतंत्र हैं। फिर भी, आप कंपनी के समय में या कंपनी के संसाधनों से राजनीतिक गतिविधियाँ नहीं चला सकते। यदि आप अमेरिकी कर्मचारी हैं जो सरकारी ख़रीद से संबंध रखता है, तो आपको अपने ख़रीद गतिविधि संबंधित व्यक्तिगत राजनीतिक योगदान करने से पहले नैतिकता और अनुपालन विभाग से मंज़ूरी प्राप्त करनी चाहिए।

आप नैतिकता और अनुपालन विभाग से विशिष्ट लिखित मंज़ूरी के बिना कंपनी की ओर से कोई भी राजनीतिक योगदान या इसकी पेशकश नहीं कर सकते हैं। कंपनी के मुख्य अनुपालन अधिकारी की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना कंपनी की कोई भी धनराशि या परिसंपत्ति राजनीतिक पार्टियों या उम्मीदवारों को अंशदान की तरह नहीं दी जा सकती।

# कंपनी संपत्तियों की सुरक्षा

हम GXO की संपत्तियों की अखंडता की सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनमें शेयरधारकों, विनियामकों, व्यावसायिक भागीदारों और अन्य तृतीय पक्षों से हमें मिलने वाली जानकारी शामिल है। हम हितों में टकराव से बचते हैं और हम अपनी योग्यता के आधार पर व्यापार करते हैं।

### कंपनी के संसाधन

यह आपकी ज़िम्मेदारी है कि कंपनी की संपत्ति, सुविधाएँ, उपकरण व जानकारी उपयुक्त तरीके से उपयोग की जाएँ। इसके अलावा, गैर-मूर्त कंपनी संसाधन जैसे कि GXO Logistics नाम या एक कर्मचारी के तौर पर आपका नाम कंपनी से असंबंधित गतिविधियों के लिए उपयोग में नहीं लाया जा सकता है।

यदि आपको कंपनी के टेलीफ़ोन, कंप्यूटर, मोबाइल उपकरणों, नेटवर्क, इंटरनेट पहुँच, ई-मेल सेवाओं, या अन्य इलेक्ट्रॉनिक संसाधन तक पहुँच प्राप्त हो, तो इन संसाधनों का उपयोग आप केवल वैध व्यावसायिक उद्देश्यों से ही कर सकते हैं। आकस्मिक व्यक्तिगत उपयोग की केवल तब तक अनुमति है जब तक यह आपके काम में रुकावट न बने, अवैध न हो, व्यक्तिगत लाभ के लिए न किया गया हो और कंपनी के फ़ायदों को नुकसान न पहुँचाता हो।

यदि आप कंपनी छोड़ते हैं, तो आपको कंपनी की सारी संपत्ति व जानकारी लौटानी होगी, जिसमें दस्तावेज़, डेटा, फ़ोन, कंप्यूटर व व्यवसाय के अन्य उपकरण शामिल हैं। आप अपनी नौकरी की समाप्ति के बाद GXO के किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, प्रणाली, डेटाबेस, सर्वर, पोर्टल या नेटवर्क तक पहुँचने या पहुँच का प्रयास न करने पर सहमत हैं। इसके अलावा, आप किसी भी स्थान पर रखी कंपनी की किसी संपत्ति, दस्तावेज़, रिकॉर्ड या डेटा के साथ छेड़-छाड़, बदलाव, हटाने या नष्ट न करने पर सहमत हैं, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को उनकी डिफ़ॉल्ट सेटिंग्स पर रीसेट कर दिया जाए, किंतु जिस तक यह सीमित नहीं है, जिसमें कंपनी द्वारा प्रदान किए गए किसी कंप्यूटर या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, प्रणाली, डेटाबेस, सर्वर, पोर्टल या नेटवर्क पर रखी जानकारी शामिल है, किन्तु जिस तक यह सीमित नहीं है।






### गोपनीय व स्वामित्व जानकारी

GXO अपनी गोपनीयता व स्वामित्व की जानकारी को सख़्ती के साथ अनधिकृत उपयोग या प्रकटीकरण से बचाती है। इसमें कंपनी की रणनीतियों व परिचालन, व्यावसायिक योजनाओं, कर्मचारी, ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, आर्थिक स्थिति, व्यापारिक गोपनीय जानकारियां या अन्य कोई जानकारी शामिल है जो आम जनता को उपलब्ध न हो। आप गोपनीय या स्वामित्व की जानकारी को उस उद्देश्य के अलावा किसी उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं कर सकेंगे, जिसके लिए कंपनी ने उस जानकारी को रखा है।

कंपनी की नौकरी समाप्त होने के बाद भी कंपनी की गोपनीय व स्वामित्व की जानकारी की हिफ़ाज़त करने का आपका दायित्व जारी रहेगा। यदि आप GXO को छोड़ते हैं, तो आप अपनी नौकरी के दौरान आपको प्राप्त गोपनीय व स्वामित्व वाली जानकारी का उपयोग या उसे प्रकट नहीं कर सकते या ऐसी गतिविधियों में भाग नहीं ले सकते जिनसे GXO की गोपनीय व स्वामित्व वाली जानकारी का प्रकटीकरण हो।

यहाँ और अन्य GXO नीतियों में बताई गई कंपनी की गोपनीय या स्वामित्व वाली जानकारी की सुरक्षा करने और उसे प्रकट न करने की बाध्यता के बावजूद, किसी व्यक्ति को तब व्यापार रहस्य कानूनों के अंतर्गत आपराधिक या दीवानी रूप से ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा जब उसने केवल सरकारी अधिकारियों को गोपनीय ढंग से या कानून के संदिग्ध उल्लंघन की रिपोर्ट करते हुए या उसकी जाँच में भाग लेते हुए व्यापारिक रहस्य बताए हों। इसके अलावा, यदि कोई कर्मचारी अपने नियोक्ता के विरुद्ध यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर करता है कि नियोक्ता ने उस कर्मचारी द्वारा कानून के संदिग्ध उल्लंघन की रिपोर्ट करने पर प्रतिशोध की कार्रवाई की, तो वह कर्मचारी अपने अटॉर्नी को और मुकदमे में व्यापार रहस्य प्रकट कर सकता है जब तक कि उस व्यापार रहस्य की जानकारी को शपथ के तहत दायर किया गया हो।

### व्यक्तिगत जानकारी

GXO अपने द्वारा एकत्रित कर रखी गई व्यक्तिगत जानकारी को उचित तरीके से उपयोग करता व सुरक्षित रखता है। व्यक्तिगत जानकारी का अर्थ है किसी भी स्वरूप में जानकारी, जिसे स्वयं या किसी अन्य जानकारी के साथ मिलाकर किसी व्यक्ति को पहचानना संभव हो।

आपको व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखना चाहिए। गलती से या जानबूझकर जारी की गई व्यक्तिगत जानकारी की सूचना सरकारी अधिकारियों को दी जानी चाहिए; इसलिए, आपको किसी भी व्यक्तिगत जानकारी से छेड़छाड़ का संदेह होने पर नैतिकता और अनुपालन विभाग को इसकी सूचना देनी है। अधिक जानकारी के लिए, GXO की डेटा सुरक्षा नीति को देखें।



### व्यावसायिक रिकॉर्ड

GXO का प्रत्येक कर्मचारी यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार है कि सभी प्रकार के व्यावसायिक रिकॉर्ड – जिनमें व्यय की रिपोर्ट, इनवॉइस, टाइम शीट, उपस्थिति रिकॉर्ड, अनुबंध दस्तावेज व अन्य रिकॉर्ड शामिल हैं – GXO के संचालन, व्यावसायिक सौदों व आर्थिक परिणामों का सटीकता से प्रतिनिधित्व करते हैं। आपको कंपनी की नीति व लागू कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार सभी व्यावसायिक रिकॉर्ड रखने चाहिए। आपको किसी व्यावसायिक रिकॉर्ड को बदलना, ग़लत जानकारी दर्ज करना या उसमें किसी अन्य और तरह से फेरबदल नहीं करना चाहिए।

### सार्वजनिक रिकॉर्ड

हमारी कंपनी के वरिष्ठ वित्तीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सार्वजनिक संचार में प्रकाशित व सावधिक रूप से यू.एस. सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज कमीशन को दी गई सारी आर्थिक जानकारी पूर्ण, सटीक, सामयिक व समझ में आने लायक है। ऐसे दस्तावेज़ तैयार करने के लिए ज़िम्मेदार लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी बही-खाते व उनसे बनी रिपोर्ट उन हस्तांतरणों को उचित व सटीक ढंग से बताते हैं जिनसे वे संबद्ध हैं। इन रिकॉर्ड व रिपोर्ट में उचित विवरण होना चाहिए और इन्हें उपयुक्त दस्तावेज़ों द्वारा समर्थित होना चाहिए। यदि आपको कंपनी के बही-खातों या रिपोर्ट में किसी ऐसी चीज़ का पता लगता है जो झूठी या गुमराह करने वाली है, तो तुरन्त कंपनी के मुख्य कानूनी अधिकारी को बताएँ।

### अनुबंध प्राधिकारी व प्राधिकार का प्रत्यायोजन

GXO के कुछ ही कर्मचारियों को कंपनी के आधिकारिक दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करने या कंपनी को किसी अनुबंध में ले जाने या अन्य हस्तांतरण की अनुमति है। यदि आपके पास ऐसी अनुमति नहीं है, तो आप कंपनी को किन्हीं दायित्वों में नहीं बाँध सकते।

यदि आप कंपनी के आधिकारिक दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करने या कंपनी को दायित्व में बाँधने के लिए अधिकृत हैं, तो आपको अपने प्राधिकरण की सीमाओं के भीतर काम करना चाहिए व आपके द्वारा GXO की ओर से हस्ताक्षरित किसी भी अनुबंध को सटीक ढंग से दर्ज करना चाहिए। GXO की ओर से कोई व्यावसायिक या आर्थिक प्रतिबद्धता करते समय, आपको कंपनी की प्राधिकार प्रत्यायोजन नीति को देखकर यह जाँचना चाहिए कि आपको इसके लिए पर्याप्त अधिकार हों। कुछ स्थानों व व्यावसायिक इकाइयों में अतिरिक्त, अधिक प्रतिबंधात्मक, प्राधिकार व अनुमोदन आवश्यकताएँ हो सकती हैं। जब लागू हो, तो इन अधिक प्रतिबंधात्मक आवश्यकताओं का भी पालन होना चाहिए।






# भेदिया व्यापार

**भेदिया व्यापार कानूनों का अनुपालन**

कंपनी में अपने कर्तव्य निभाने के दौरान, आपको GXO या GXO के साथ व्यवसाय करने वाली अन्य कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक सामग्री की जानकारी हो सकती है। उदाहरण के लिए, आपको अघोषित आर्थिक परिणाम या कंपनी की रणनीतिक योजनाओं के बारे में जानकारी पता लग या दिख सकती है। यदि आपको आर्थिक असार्वजनिक जानकारी का पता लगता है, तो आप उस जानकारी को प्रकट नहीं कर सकते या उसे व्यक्तिगत लाभ या किसी और के लाभ के लिए उपयोग नहीं कर सकते। GXO के बारे में आर्थिक असार्वजनिक जानकारी की जानकारी होने की दशा में आप कंपनी की प्रतिभूतियों की खरीद-फ़रोख्त नहीं कर सकते। GXO जिनके साथ व्यवसाय करती है, उन कंपनियों समेत, किसी भी अन्य कंपनी के बारे में प्राप्त जानकारी के संदर्भ में भी आपको इन्हीं आदर्शों का पालन करना होगा, आप कंपनी के मुख्य कानूनी अधिकारी की अनुमति के बिना प्रेस से गैर–सार्वजनिक भौतिक जानकारी की चर्चा भी नहीं कर सकते, जिसमें अप्रकाशित वित्तीय परिणाम शामिल हैं लेकिन इसी तक सीमित नहीं हैं। भेदिया व्यापार कानून का उल्लंघन करने पर जुर्माने, कारावास, अर्थदंड, दीवानी दंड और पर्याप्त कारणों से बर्खास्तगी सहित बहुत गंभीर दंड दिए जा सकते हैं।

और मार्गदर्शन के लिए, GXO की भेदिया व्यापार नीति को देखें। यदि आपको नीति के बारे में प्रश्न पूछने हैं, तो GXO के मुख्य कानून अधिकारी, मुख्य अनुपालन अधिकारी से संपर्क करें या TradingRequest@gxo.com पर ईमेल करें।





# हितों का टकराव

**हितों के संभावित टकराव**

हम अपने व्यावसायिक सौदों में कंपनी की नीति का और हितों के टकराव से सुरक्षा के कानून पालन करते हैं। हितों के टकराव तब सामने आते हैं जब आपके व्यक्तिगत या मित्रों अथवा परिवार के हित संभाव्य रूप से आपकी कंपनी की ओर से बिना पक्षपात व्यावसायिक निर्णय करने की आपकी क्षमता को प्रभावित करें। आपको नैतिकता और अनुपालन विभाग के सामने हितों के सभी संभावित टकरावों का प्रकटीकरण करना चाहिए जिससे कि GXO आपकी और कंपनी की रक्षा के लिए उचित उपाय कर पाए।

कुछ टकराव स्पष्ट होते हैं व हमेशा वर्जित हैं, जैसे कंपनी में अपने पद का अनुचित व्यक्तिगत लाभ के लिए इस्तेमाल। अन्य स्थितियाँ इतनी स्पष्ट नहीं भी हो सकतीं, जैसे कंपनी का किसी मित्र या अपने परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी से व्यवसाय करवाना। यदि आप हितों के संभावित टकराव को लेकर अनिश्चित हैं, तो मार्गदर्शन के लिए नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करें। हितों के टकराव के कुछ आम उदाहरण नीचे दिए गए हैं।

**प्रतिस्पर्धियों, ग्राहकों व आपूर्तिकर्ताओं के साथ आर्थिक संबंध**

GXO कर्मचारी के रूप में, आपको किसी ऐसी निजी स्वामित्व वाली कंपनी में आर्थिक हित रखने की अनुमति नहीं है जो GXO की प्रतिस्पर्धी हो। सार्वजनिक रूप से शेयर विक्रय करने वाली किसी ऐसी कंपनी में आपका कम प्रतिशत में (1% से अधिक नहीं) स्टॉक हो सकता है, जो GXO की प्रतिद्वंद्वी, आपूर्तिकर्ता या ग्राहक हो। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए अतिरिक्त पाबंदियाँ व प्रतिबंध हो सकते हैं।

## बाहरी रोजगार और अन्य गतिविधियां

आपको कंपनी के श्रेष्ठतम कल्याण के लिए काम करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना आपकी ज़िम्मेदारी है कि कोई गैर-GXO रोज़गार व अन्य गतिविधियाँ GXO की मौजूदा प्रतिबद्धताओं या किसी प्रतिस्पर्धी, ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या अन्य तृतीय पक्ष के साथ संबंधों का उल्लंघन नहीं कर रहीं।

GXO में नियुक्त रहते समय आप किसी प्रतिस्पर्धी के लिए किसी भी रूप में कार्य नहीं कर सकते, या किसी अन्य बाहरी रोज़गार से नहीं जुड़ सकते जो कंपनी द्वारा आपको दिए गए कर्तव्य निभाने में बाधा डालते हों या कंपनी के व्यावसायिक हितों से अन्यथा प्रतिस्पर्धा करते हों। आप किसी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या कंपनी के अन्य व्यवसाय भागीदार के रूप में तब तक काम नहीं करेंगे जब तक कि आप अपने प्रबंधक और नैतिकता और अनुपालन विभाग से लिखित अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते। GXO के साथ आपके अनुबंध की सीमा तक जिसमें रोजगार उपरांत दायित्वों सहित अतिरिक्त प्रतिबंध या आवश्यकताओं का प्रावधान रखा जाता है, आप इस प्रकार के सभी अनुबंधों की शर्तों से भी बंधे हुए हैं।

इसके अलावा, आपको "विशेषज्ञ नेटवर्क फ़र्मों" को जानकारी या सेवाएँ देने की अनुमति भी नहीं है। ऐसी फ़र्म अपने ऐसे ग्राहकों को परामर्श देने के लिए उद्योग से जुड़े स्रोत ढूँढती रहती हैं जो हमारे उद्योग में निवेश करने पर विचार कर रहे हैं। ऐसे ग्राहकों में निजी इक्विटी फ़ंड, हेज फ़ंड और अन्य संस्थागत निवेशक शामिल हैं। विशेषज्ञ नेटवर्क फ़र्म आपके GXO से जुड़े ज्ञान या समग्र उद्योग के आपके ज्ञान के कारण आपको एक परामर्शदाता के रूप में जोड़ना चाह सकती हैं। ऐसी परामर्शी सेवाओं से आपके जुड़ने से यह जोख़िम उत्पन्न हो सकता है कि आप GXO की गोपनीय जानकारी का उपयोग या प्रकटीकरण करें, या ऐसी गतिविधि से स्वयं जुड़ें या किसी अन्य पक्ष को जुड़ने में सहायता करें जो GXO के लिए हानिकर या प्रतिस्पर्धी हो।






## परिवार और मित्रों से व्यावसायिक संबंध

GXO क्रय निर्णयों सहित आपूर्तिकर्ताओं से संबंधित सभी निर्णय GXO की व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा कर पाने की उसकी योग्यता के आधार पर लेता है। इन निर्णयों में निजी रिश्तेदारी या मित्रता की कोई भूमिका नहीं हो सकती। इसके अलावा, आपको कंपनी और स्वयं, या कंपनी और आपके परिवार के किसी सदस्य को शामिल करने वाले सभी प्रस्तावित लेनदेन प्रकट करने चाहिए, जिसमें आपके परिवार के स्वामित्व वाले सभी व्यवसाय शामिल हैं। ऐसे किसी भी लेनदेन को आगे बढ़ाने से पहले नैतिकता और अनुपालन विभाग से लिखित अनुमति की आवश्यकता होती है।

## अपने निजी हित के लिए कॉर्पोरेट अवसर

GXO के साथ नियुक्त रहते समय, आपको GXO के उद्योग में या हमारे व्यवसाय के संबंध में ऐसे व्यावसायिक अवसरों की जानकारी मिल सकती है जिनपर आप स्वयं काम करना चाहें। आप स्वयं के लिए इन अवसरों का निजी लाभ नहीं ले सकते, और आप उनके बारे में कंपनी के बाहर किसी व्यक्ति को बता भी नहीं सकते, जब तक कि आपने इन अवसरों के बारे में कंपनी को बता न दिया हो और उनमें शामिल होने की अनुमति प्राप्त न कर ली हो।

## प्रेम या अन्य करीबी निजी संबंध

हितों के विरोध में प्रबंधकों और उनकी टीम के सदस्यों के बीच प्रेम या कोई अन्य करीबी संबंध भी शामिल हैं, जिसके कारण कर्मचारी के रोज़गार संबंधी निर्णय करते समय प्रबंधक का व्यवहार पक्षपातपूर्ण हो सकता है।

# उपहार और मनोरंजन

## अनुचित उपहार और मनोरंजन

GXO गुणवत्ता के आधार पर व्यवसाय प्राप्त करता और देता है। कंपनी व्यावसायिक निर्णयों को अस्थाई रूप से प्रभावित करने के लिए उत्पादों, सेवाओं या मनोरंजन के व्यावसायिक उपहार न तो देती है और न ही लेती है। आपके द्वारा दिए और लिए जाने वाले उपहार या मनोरंजन का व्यवहार खुले रूप में होना चाहिए और ऐसा व्यवहार बार–बार नहीं होना चाहिए, और वह अधिक कीमत का नहीं होना चाहिए, परिस्थितियों के अनुसार उचित होना चाहिए और किसी विधिमान्य व्यावसायिक लेनदेन या संबंध में प्रासंगिक होना चाहिए। आप मनोरंजन सहित ऐसा कोई भी उपहार दे या ले नहीं सकते (जैसे व्यावसायिक भोज, किसी समारोह के टिकट या गोल्फ़ आउटिंग) जो व्यावसायिक संबंध या निर्णय को अनुचित तरीके से प्रभावित कर सकता हो या ऐसा करता दिखाई देता हो। आपको उपहार या मनोरंजन माँगने की अनुमति नहीं है।

आपको किसी सरकारी अधिकारी को कभी भी कोई उपहार नहीं देना चाहिए या उनके साथ मनोरंजन में शामिल नहीं होना चाहिए; इसमें राज्य शासित निकाय जैसे राज्य शासित विमान सेवा, जलपोत सेवा या उपयोगी सेवा प्रदाता शामिल हैं। सरकारी अधिकारियों और निकायों को उपहार देने या उन्हें मनोरंजन पर ले जाने की अनुमति नहीं है।


कुछ परिस्थितियों में इस बात में असमंजस हो सकता है कि उपहार सही है या नहीं। कुछ प्रकार के उपहारों की कभी अनुमति नहीं है, जैसे नकद या "नकद के समतुल्य" (जैसे उपहार कार्ड), आपत्तिजनक या मुखर यौन प्रकृति के उपहार, या ऐसे उपहार जिनकी कानून या अनुबंध में मनाही है।

**स्वयं से पूछें:**

- यदि उपहार इनमें से किसी श्रेणी में नहीं आता है और आप सुनिश्चित नहीं हैं कि उपहार सही है या नहीं, स्वयं से पूछें कि क्या उपहार:
- उचित, प्रथागत, मामूली कीमत के और कभी-कभार?
- व्यावसायिक संबंध बढ़ाने और प्राप्तकर्ता की निष्पक्षता को अनुचित रूप से प्रभावित नहीं करने के उद्देश्य से?
- बिना मांगे, परस्पर लेनदेन के किसी भी दायित्व या अपेक्षा के बिना?
- नेक-नीयत से दिया गया जो सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर कंपनी या अन्य किसी को शर्मिंदा नहीं करता हो?
- किसी व्यवसायिक पार्टी (किसी सरकारी अधिकारी को नहीं) को दिया या उससे प्राप्त किया गया?
- GXO और प्राप्तकर्ता दोनों की संगठन नीतियों के तहत अनुमत?
- सार्वजनिक रूप से स्वीकार्य, यानी कि उपहार के बारे में आपके दोस्तों और परिवार सहित दूसरों को जानकारी होने पर आपको असहज महसूस नहीं होता हो?

**यदि इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर "नहीं" है, तो आपको आगे बढ़ने से पहले अनुमति के लिए नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करना चाहिए।**






## उपहारों और मनोरंजन के लिए अनिवार्य स्वीकृति प्रक्रिया

उपहारों के लिए स्वीकृति आवश्यकताएँ: आपको $100 USD से अधिक कीमत के किसी भी उपहार को देने या प्राप्त करने से पहले नैतिकता और अनुपालन विभाग से पहले से लिखित मंजूरी प्राप्त करनी होगी, जब तक कि GXO Logistics, Inc. बोर्ड निदेशकों या बोर्ड निदेशकों द्वारा निर्धारित समिति द्वारा अधिकार नहीं दिया जाता। मंज़ूरी के लिए अनुरोध ethics@gxo.com के पास सबमिट किए जाने होते हैं। आपको अन्य सभी व्यय स्वीकृति आवश्यकताओं का भी अनुपालन करना चाहिए। उदाहरण के लिए, उपहारों के लिए आपके विशिष्ट स्थान या व्यावसायिक इकाई की अतिरिक्त, अधिक प्रतिबंधात्मक स्वीकृति आवश्यकताएँ हो सकती हैं। यदि ऐसा है, तो अधिक कठोर आवश्यकताओं का पालन किया जाना चाहिए।

मनोरंजन के लिए स्वीकृति आवश्यकताएँ: मनोरंजन, जैसे ग्राहकों, विक्रेताओं, या अन्य तृतीय पक्षों के साथ शामिल होने वाले व्यावसायिक भोज, खेल आयोजन या अन्य गतिविधियाँ, अत्यंत खर्चीले नहीं होने चाहिए और उनकी उचित स्वीकृति होनी चाहिए। प्रति व्यक्ति $150 USD से अधिक मूल्य के मनोरंजन के लिए आपको अपनी व्यवसाय इकाई के अध्यक्ष (या उनके चुने प्रतिनिधि) से पहले से लिखित मंज़ूरी प्राप्त करनी चाहिए। आपको अन्य सभी व्यय स्वीकृति आवश्यकताओं का भी अनुपालन करना चाहिए। उदाहरण के लिए, मनोरंजन के लिए आपके विशिष्ट स्थान या व्यावसायिक इकाई की अतिरिक्त, अधिक प्रतिबंधात्मक स्वीकृति आवश्यकताएँ हो सकती हैं। यदि ऐसा है, तो अधिक कठोर आवश्यकताओं का पालन किया जाना चाहिए।

उपहारों और मनोरंजन संबंधी सभी व्यय और अनुमोदन, कंपनी के बही–खातों में सही रूप में दर्ज किए जाने चाहिए। यदि आप कोई उपहार या मनोरंजन देते हैं, तो आपको उसे अपनी व्यय रिपोर्ट में दर्ज करना चाहिए, जिसमें उपहार या मनोरंजन का मूल्य, शामिल पक्ष (उपहार देने और लेने वाला या मनोरंजन में शामिल लोग), और उपहार व मनोरंजन के विधिमान्य व्यावसायिक प्रयोजन का वर्णन और लिखित स्वीकृति और खर्च की रसीदें शामिल हैं।

अतिरिक्त संसाधन:

# किस प्रकार से प्रश्न पूछा जाए और चिंता की रिपोर्ट की जाए

GXO के व्यवसाय आचार मानक बनाए रखने के लिए आप निम्न माध्यमों का जितनी बार चाहें, उपयोग कर सकते हैं:

## चिंताएँ कैसे बताएँ

प्रश्न पूछने और चिंता जताने और इस संहिता, कंपनी की नीतियों या कानून का उल्लंघन करते किसी भी ज्ञात या संदिग्ध आचरण के लिए आवाज़ उठाने की ज़िम्मेदारी आपकी है। वे कर्मचारी जो अपनी आवाज़ उठाते हैं उन्हें लागू कानून के साथ-साथ प्रतिशोध के विरुद्ध GXO की शून्य सहिष्णुता नीति द्वारा रक्षा प्रदान की जाती है। आपको तुरंत ही अपने पर्यवेक्षक, अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि, नैतिकता और अनुपालन टीम या सीधे मुख्य अनुपालन अधिकारी को चिंता जतानी चाहिए। आपके लिए निम्न विकल्प भी खुले हैं:

| | |
|---|---|
| एथिक्स लाइन<br>अमेरिका / कनाडा: (844) 694-0719<br>अमेरिका / कनाडा से बाहर: संलग्न अंतर्राष्ट्रीय संसाधन देखें | एथिक्स लाइन एक टोल-फ्री टेलीफोन सेवा है जिसका संचालन एक स्वतंत्र कंपनी करती है। जहां स्थानीय कानून द्वारा मंजूर किया हो, एथिक्स लाइन आपको किसी चिंता की रिपोर्ट गोपनीय रूप से करने में मदद करती है और यह दिन के 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन उपलब्ध है। यदि किसी भी कारण से आप यहाँ बताए एथिक्स लाइन नंबरों के उपयोग से कनेक्ट नहीं कर पाते हैं, तो सहायता के लिए ethics@gxo.com पर एथिक्स और अनुपालन से संपर्क करें। |
| **EthicsPoint** ऑनलाइन<br>www.gxo.ethicspoint.com | EthicsPoint एक स्वतंत्र कंपनी द्वारा संचालित ऑनलाइन साइट है। जहाँ स्थानीय क़ानून के तहत अनुमत हो, EthicsPoint आपको गुमनाम रूप से चिंता रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। |
| आचार ईमेल<br>ethics@gxo.com | ethics@gxo.com कंपनी का ईमेल इनबॉक्स है जिसकी निगरानी नैतिकता और अनुपालन टीम करती है। |





यदि आप चाहें तो चिंता को गुमनाम रूप से व्यक्त कर सकते हैं (जहां स्थानीय कानून मंजूरी देता हो); हालांकि, अपनी पहचान बताने से कंपनी को आपकी चिंताओं की छानबीन करने और आपको उचित अनुवर्ती जांच की जानकारी देने में काफी मदद मिलती है। सभी रिपोर्टों पर जितना संभव हो गोपनीयता से कार्रवाई की जाती है।

## रिपोर्ट सबमिट कर दिए जाने के बाद

प्रत्येक रिपोर्ट को तुरंत समीक्षा के लिए प्रबंधन, मानव संसाधन या नैतिकता अनुपालन विभाग के उचित सदस्य के पास भेजा जाता है। GXO प्रत्येक रिपोर्ट का यह निर्धारित करने के लिए ध्यान से मूल्यांकन करता है कि क्या आगे जाँच या कार्रवाई आवश्यक है या नहीं। कर्मचारियों के लिए ज़रूरी है कि वे कंपनी की जांच के साथ पूरी तरह सहयोग करें।

रिपोर्ट चाहे गुमनाम रूप से की गई हो या अन्यथा, कंपनी प्रत्येक रिपोर्ट की गोपनीयता की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करती है; लेकिन, कभी-कभी क़ानूनी जिम्मेदारियों या घटना की प्रकृति के कारण ऐसा करना संभव नहीं हो पाता है। परिस्थितियाँ यह साझा करने से कंपनी को रोक सकती हैं कि रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया के रूप में क्या कार्रवाई की गई है।

कृपया अपनी स्वयं की जाँच करने का प्रयास न करें। अपने दम पर कार्रवाई करना आधिकारिक जाँच की प्रामाणिकता के साथ समझौता हो सकता है और आपको तथा कंपनी, दोनों को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।



# आंतरिक संसाधन

**अनुचित उपहार और मनोरंजन**

हम अपने सभी वैश्विक कार्यस्थलों में रिपोर्टिंग संसाधन उपलब्ध कराते हैं। कृपया अपने स्थान के लिए एथिक्स लाइन नंबर की पहचान करने के लिए नीचे सूची देखें:

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 1-800-531606 |
| बेल्जियम | 0800-79368 |
| कनाडा | 1-844-694-0719 |
| चिली | 800-914061 |
| चीन | 400-120-0184 |
| चेक गणराज्य | 800-144-529 |
| फिनलैंड | 0800-415755 |
| फ्रांस | 0805-985607 |
| जर्मनी | 0800-1820274 |
| हांग कांग | 800-930-167 |
| भारत | 000-800-050-2404 |
| आयरलैंड | 1-800851668 |
| इटली | 800-761627 |
| जापान | 0800-123-7083 |
| मलेशिया | 1-800-81-4756 |
| मेक्सिको | 800-681-9210 |
| नीदरलैंड्स | 0800-0221659 |
| पेरु | 0800-78537 |
| पोलैंड | 800-005016 |
| पुर्तगाल | 800-181412 |
| रोमानिया | 0800-890352 |
| सिंगापुर | 800-4922514 |
| स्पेन | 900-9-83443 |
| स्विट्ज़रलैंड | 0800-225122 |
| ताइवान | 00801-49-1654 |
| थाईलैंड | 1800014719 |
| यूनाइटेड किंग्डम | 0800-090-3695 |
| यूनाइटेड स्टेट्स | 1-844-694-0719 |

यदि इस सूची में आपके देश का एथिक्स लाइन नंबर मौजूद नहीं है या आप अपने देश के लिए सूचीबद्ध एथिक्स लाइन नंबर से कनेक्ट नहीं कर पा रहे हैं, तो सहायता के लिए **ethics@gxo.com** पर नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करें या **www.gxo.ethicspoint.com** पर ऑनलाइन रूप से एथिक्स लाइन पर जाएँ।





# व्यवसाय आचार नीतियों का सूचकांक

यह संहिता निम्नलिखित GXO Logistics व्यवसाय आचार नीतियों द्वारा समर्थित है:

- भ्रष्टाचार-रोधी
- प्रतिस्पर्धारोधी और न्यायोचित प्रतिस्पर्धा
- प्रतिनिधि मंडल
- डेटा संरक्षण
- कोई भेदभाव, उत्पीड़न या प्रतिशोध नहीं
- व्यापार अनुपालन
- तृतीय पक्ष जांच पड़ताल
- भेदिया व्यापार
- हितों का टकराव

यदि आपको इन नीतियों की कॉपी चाहिए, तो कृपया **ethics.gxo.com** पर जाएँ या **ethics@gxo.com** पर नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

विशिष्ट स्थानों या व्यापार इकाइयों के लिए अतिरिक्त अपेक्षाएँ लागू हो सकती हैं। यदि आप ग्राहक के स्थल पर काम कर रहे हैं, तो आपको GXO की नीतियाँ और ग्राहक द्वारा अपेक्षित कोई अतिरिक्त, अधिक प्रतिबंधात्मक नीतियों का पालन करना होगा। कृपया आगे की जानकारी के लिए नैतिकता और अनुपालन विभाग, अपने मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करें या **ethics.gxo.com** का संदर्भ लें।


© 2021 GXO Logistics Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित.